उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार

–: प्रेस–नोट :–

दिनांकः 29.01.2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021 के सापेक्ष दिनांक 23 फरवरी, 2023 से दिनांक 26 फरवरी, 2023 के मध्य आयोजित मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है।

वर्तमान में मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन संबंधित कार्य पूर्ण होने के पश्चात् संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं की Scrutiny और Random Checking का कार्य किया जा रहा है, जिसके क्रम में मुख्य परीक्षा का परिणाम तृतीय सप्ताह माह फरवरी 2024 से पूर्व घोषित किया जाना सम्भावित है।

यह भी सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के 01 सप्ताह पश्चात् सफल अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन का कार्य किया जायेगा, तत्पश्चात् 15 दिन बाद सफल अभ्यर्थियों की साक्षात्कार परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त के दृष्टिगत् अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र के सापेक्ष किये गये दावों के सम्बन्ध में सभी शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेख पूर्ण रखें।

भवदीय,

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।